# DAV PUBLIC SCHOOL, ODISHA
## PRE-BOARD EXAMINATION
## 2023-24

- Please check that this question paper contains 13 printed pages.
- Set number given on the right-hand side of the question paper should be written on the title page of the answer book by the candidates.
- Check that this question paper contains 18 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period. Students should not write anything in the question paper.

**कक्षा : दसवीं**

**विषय : हिंदी 'ब' (कोड-085)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

सामान्य निर्देश -

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब' ।
2. खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न हैं ।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 18 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न और 45 उप प्रश्न हैं । निर्देशानुसार 40 उप प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
5. खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न हैं । निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
6. प्रश्नों के उत्तर लिखते समय क्रम-संख्या अवश्य लिखें । सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें ।

| खंड 'अ' | वस्तुपरक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - (1×5=5)**

विद्वान लोग नम्रता को स्वतंत्रता की जननी मानते हैं | आत्म संस्कार हेतु स्वतंत्रता आवश्यक है | मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है | आत्ममर्यादा हेतु आवश्यक है कि हम बड़ों से सम्मानपूर्वक तथा छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार करें | युवाओं को याद रखना चाहिए कि उनका ज्ञान कम है | वे अपने लक्ष्य के पीछे हैं तथा उनकी आकांक्षाएँ उनकी योग्यताओं से अधिक हैं | सभी लोग युवाओं से कुशल आचरण और विनम्रता की उम्मीद करते हैं | नम्रता का अर्थ दूसरों का मुँह ताकना नहीं है | इससे तो प्रज्ञा मंद पड़ जाती है, संकल्प क्षीण होता है, विकास रुक जाता है तथा निर्णय क्षमता नहीं आती | मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं होना चाहिए | हमेशा याद रखो, अपने फैसले तुम्हें स्वयं ही करने होंगे | विश्वासपात्र मित्र भी तुम्हारी ज़िम्मेदारी नहीं ले सकता | हमें अनुभवी लोगों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए,लेकिन हमारे निर्णयों तथा विचारों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा | हमें नज़रें तो नीची रखनी हैं लेकिन सामने का रास्ता भी देखना है | हमारा व्यवहार कोमल तथा उच्च होना चाहिए | हमारी प्रवृत्ति ऐसी होनी चाहिए कि संक्रमणकाल में भी हम स्वयं को साधारण रख पाएँ | वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते हैं, जिनमें बुद्धि, चतुराई तथा दृढ़ निश्चय होता है |

1. 'अपना भाग्य विधाता' से क्या तात्पर्य है?
(a) स्वयं को विधाता मानना
(b) स्वयं अपना निर्णय लेना
(c) संकल्पवान होना
(d) भाग्य पर विश्वास करना

2. मनुष्य को अपना भाग्यविधाता क्यों होना चाहिए?
(a) क्योंकि दूसरों के भरोसे रहकर मनुष्य का संकल्प क्षीण होता है
(b) क्योंकि इससे निर्णय क्षमता का अभाव होता है
(c)) क्योंकि इससे विकास रुक जाता है
(d)) उपर्युक्त सभी

3. प्रस्तुत गद्यांश में मूलतः स्वतंत्रता की जननी किसे माना गया है?
(a) आत्मनिर्भरता को
(b) मर्यादा को
(c) नम्रता को
(d) आकांक्षा को

4. गद्यांश हमें संदेश देता है -

(a) हमें अपने आचरण को विशिष्ट बनाने की आवश्यकता है

(b) मनुष्य को आत्मनिर्भर बनना चाहिए

(c) मनुष्य ही कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम होता है

(d) स्वतंत्रता और नम्रता एक-दूसरे के पूरक हैं

5. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) - विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं होता |

कारण (R) - मनुष्य में स्वतंत्रता का भाव आते ही अहंकार आ जाता है |

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(b) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत व्याख्या करता है

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**(2) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - (1×5=5)**

बड़ा बनने के लिए हमें विशाल काम करने की ज़रूरत नहीं होती, बल्कि प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने पड़ते हैं | अपने अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा को जन्म देना होता है | दुनिया में ज्ञान का जो बोलबाला है, उसमें हमारे कौतुहल की केंद्रीय भूमिका है | अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार अपने साक्षात्कार में कहा था कि हमारी जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व का आधार है | बिना प्रश्न के हमारे जीवन में न गति आएगी और न कोई रस होगा | जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं | सवाल करने का ही परिणाम है कि नई तकनीक ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चीजें आज दुनिया में आ रही हैं | जब हम कहते हैं क्यों कैसे, क्या, तब हमारे अंदर की स्नायु प्राण ऊर्जा और संकल्प एक नई गति और उत्साह के साथ नवीनता की यात्रा करने लगते हैं |

हमें इस दुनिया की इतनी आदत पड़ चुकी है कि लीक से हटकर सोचना नहीं चाहते | कोई विभिन्नता नहीं, न ही कोई नवीनता है | यह कैसा जीवन है, जिसमें कोई कौतुहल नहीं, कोई आश्चर्य नहीं? इस जगत में हमारी स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है, तो अपनी सुखमयी व्यवस्था में पड़े रहते हैं | लेकिन जो स्वतंत्र होते हैं, वे हृदय की आवाज़ सुनते हैं। | जो बड़ा होना चाहते हैं, इस दुनिया और इसकी प्रत्येक घटना, वस्तु एवं स्थिति पर अपना आश्चर्य प्रकट करते हैं | प्रत्येक घटना और वस्तु से परे हटकर सोचने और उसको देखने की कोशिश जो करते हैं, वही बड़ा बनते हैं | जिज्ञासु मन और बुद्धि ही दर्शन और विज्ञान की दुनिया बनाते हैं |

1. प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने से लेखक का अभिप्राय है -
(a) बड़ी सोच व्यक्ति को बड़ा बनने की प्रेरणा देती है
(b) प्रत्येक काम को महत्व देकर गहराई से समझें
(c) प्रत्येक काम को करने के लिए सदैव तत्पर रहें
(d) प्रत्येक काम का आयोजन बड़े पैमाने पर करें

2. अस्तित्व शब्द का अर्थ है
(a) विद्यमानता
(b) जिज्ञासु प्रवृत्ति
(c) गतिमान
(d) नवीनता

3. नवीनता की यात्रा करने से हम परंपरागत प्रणालियों से विमुख हो रहे हैं | नवीनता के पक्षधर के रूप में इसकी आवश्यकता के लिए उपयुक्त तर्क है -
(a) हमारी मानसिक स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है
(b) हमारे शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक व राष्ट्रीय विकास के लिए है
(c) जो स्वतंत्र मानसिकता वाले होते हैं, वे दूसरों की आवाज़ सुनते हैं
(d) जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं

4. लीक से हटकर सोच को विकसित करने के लिए आवश्यक है
(a) सुखमय व्यवस्था
(b) हृदय की आवाज़ सुनना
(c) अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा
(d) दर्शन और विज्ञान की

5. जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व के आधार की परिचायक है क्योंकि यह -
(a) व्यक्ति को नए जमाने का वैज्ञानिक सोच दर्शाती है
(b) शारीरिक व मानसिक रूप से क्रियाशील रखती है
(c) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता दर्शाती है
(d) विश्वव्यापी स्तर पर स्थिति निर्धारित करती है

**(3) 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित छः प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4x1=4)**

1. दोनों कबूतर रात भर ख़ामोश और उदास बैठे रहते हैं- वाक्य में <u>क्रिया पदबंध</u> है -
(a) दोनों कबूतर.
(b) बैठे रहते हैं
(c) रात भर बैठे रहते हैं.
(d) ख़ामोश और उदास

2. राम <u>सुबह से शाम तक लगातार</u> पढ़ाई करता है । रेखांकित पदबंध है -

(a) क्रिया पदबंध.

(b) क्रिया विशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध.

(d) सर्वनाम पदबंध

3. तोतों को <u>उनकी दहकती भूरी आँखों</u> से भय न लगता था। - रेखांकित पदबंध है -

(a) संज्ञा पदबंध.

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध.

(d) क्रिया पदबंध

4. वाक्य __________ से बनता है | - रिक्त स्थान की पूर्ति सही शब्द से करें }

(a) शब्द

(b) पद

(c) पदबंध

(d) अव्यय शब्द

5. 'भाई साहब कोर्स का एक-एक शब्द <u>चाट गए</u> थे |' - रेखांकित पदबंध है-

(a) विशेषण पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) क्रिया विशेषण पदबंध.

(d) संज्ञा पदबंध

**(4) निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1×4=4)**

1. 'जब लेखक जल्दी-जल्दी कार्य करने की योजना बनाते, तब उन्हें ओमा की याद आती।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-

(a) लेखक को जल्दी-जल्दी कार्य करने पर ओमा की याद आती |

(b) लेखक जल्दी-जल्दी कार्य करता और ओमा को याद करता |

(c) जैसे ही लेखक जल्दी-जल्दी कार्य करता, वैसे ही उसको ओमा की याद आती |

(d) ओमा की याद आते ही लेखक जल्दी-जल्दी कार्य करता |

2. 'हरिहर काका निःसंतान होने के कारण कथावाचक को प्यार करते थे |' - दिए गए वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा-

(a) हरिहर काका निःसंतान थे और कथावाचक को प्यार करते थे |

(b) हरिहर कथावाचक को निःसंतान होने के कारण प्यार करते थे |
(c) हरिहर काका निःसंतान थे, इसलिए कथावाचक को प्यार करते थे |
(d) हरिहर काका संतान सहित होने के कारण कथावाचक से प्यार करते थे |

3. निम्न में मिश्र वाक्य है -
(a) परीक्षक ने प्रश्न-पत्र बाँटे और परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |
(b) बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं |
(c) पिताजी नहीं उठे, क्योंकि उनकी तबीयत खराब है |
(d) पिताजी ने मुझे पढ़ाकर सेना में भर्ती कराया |

4. 'भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दर्जे में प्रथम आया|' - रचना के आधार पर वाक्य भेद है -
(a) सरल वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) विधानवाचक वाक्य

(5)'बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाकर तौलिए से साफ़ किए |' - इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा -
(a) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया और तौलिये से उन्हें साफ़ किया |
(b) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन तौलिये से साफ़ किए |
(c) जब बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया तब तौलिये से बर्तन साफ़ किए |
(d) जैसे ही बगल के कमरे में गया वैसे ही कुछ बर्तन तौलिए से साफ़ किए |

**(5) 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**
**(4x1=4)**

1. 'वाद्‌ययंत्र' इस शब्द का सही समास विग्रह होगा -
(a) वाद्‌य और यंत्र
(b) वाद्‌य में यंत्र
(c) वाद्‌य से यंत्र
(d) वाद्‌य का यंत्र

2. 'आस-पास' समस्त पद में कौन-सा समास है?
(a) कर्मधारय समास
(b) तत्पुरुष समास
(c) द्‌वंद्‌व समास
(d) द्‌विगु समास

3. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए |

| | कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|---|
| a | हवनसामग्री | (i) अव्ययीभाव समास |
| b | यथाशक्ति | (ii) बहुव्रीहि समास |
| c | दृग-सुमन | (iii) तत्पुरुष समास |
| d | निशाचर | (iv) कर्मधारय समास |

(a)1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(b) 1-(ii), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv)

(c) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)

(d) 1-(iii), 2-(i), 3-(iv), 4-(ii)

4. 'तीन लोकों का समाहार' इसका सही समस्त पद होगा -

(a) त्रिलोक (b) तिलोक

(c) तीन लोकों (d) तीन लोक

5. किस समास में दोनों ही पद प्रधान होते हैं ?

(a) तत्पुरुष समास

(b) बहुव्रीहि समास

(c) द्वंद्व समास

(d) कर्मधारय समास

**(6) 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (4x1=4)**

1. मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-

(a) तीन तेरह होना - बोलते रहना

(b) दंग रह जाना - संदेह होना

(c) पाँव तले ज़मीन खिसकना - घबरा जाना

(d) अंगूठा दिखाना - कुछ समझ में न आना

2. 'स्वार्थ सिद्ध करना ' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है -

(a) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

(b) अपना उल्लू सीधा करना

(c) खिचड़ी पकाना

(d) गागर में सागर भरना

3. आजकल बाबा लोगों का काम सीधे-सादे लोगों को ________ है। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त मुहावरा चुनिए -

(a) चित्त पर चढ़ाना

(b) घड़ों पानी भराना

(c) चंगुल में फँसाना

(d) गाल फुलाना

4. तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' जनता के लिए ______ के समान है। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित विकल्प चुनिए -

(a) गढ़ जीतना

(b) गले का हार होना

(c) घास छीलना

(d) चाँद पर थूकना

5. रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?

कक्षा 10 की परीक्षा पास करना रोहन के लिए <u>छोटी-मोटी बात</u> है ।

(a) सर फिरना

(b) हँसी-खेल होना

(c) हावी होना

(d) लगती बात

6. 'बेकार की वस्तु' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है -

(a) फूटी आँख न सुहाना

(b) दूध की मक्खी

(c) तराज़ू पर तौलना

(d) बे-सर पैर की बातें

**(7) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5x1 =5)**

'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है.
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद है,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद है।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

1. प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

(a) जीवन जीने का

(b) मृत्यु से न घबराने का

(c) एक-दूसरे का सहयोग करने का

(d) निर्धन की सहायता करने का

2. पद्यांश के अनुसार, सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?

(a) माता-पिता की सेवा न करना

(b) मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य का दुःख दूर न किया जाना

(c) भाई-भाई में सहानुभूति का अभाव

(d) भाई का भाई से लगाव

3. पद्यांश के आधार पर बताइए कि सबसे बड़ा विवेक किसे माना गया है?

(a) परमात्मा के साक्षात् दर्शन करना

(b) ईश्वर के अस्तित्व को जानना

(c) संसार के रहस्य का ज्ञान होना

(d) मनुष्य मात्र को भाई समझना

4. कर्म भिन्नता के कारण मनुष्य में कौन-सा अंतर दिखाई देता है?

(a) मात्र बाहरी अंतर

(b) मानव का विभिन्न देशों के कारण अंतर

(c) समानता का भाव

(d) विभिन्नता की स्थिति

5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -

(i) संसार के सभी मनुष्यों को अपना बंधु मानना मनुष्य का विवेक है |

(ii) वेदों के अनुसार सभी मनुष्यों का पिता एक है |

(iii) अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल मिलने के कारण सभी भिन्न-भिन्न है |

(iv) मनुष्य की एकता के साक्षी पुराण है |

(v) दूसरों के लिए काम आने वाला ही सच्चा मनुष्य है |

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(a) (i), (ii) और (iv)

(b) (ii), (iii) और (v)

(c) (ii), (iii) और (iv)

(d) (i), (iii) और (v)

**(8) पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(2 x1=2)**

1. राम भी तुम ,तुम्हीं लक्ष्मण साथियों - पंक्ति के लिए उचित विकल्प है:-

(a) राम लक्ष्मण की तरह युद्ध करना

(b) देश की रक्षा देशवासियों का कर्तव्य

(c) राम लक्ष्मण की तरह सीता को बचाना

(d) अपनी गाथाओं को जानना

2. भगत कारण रूप नरहरि - में 'भगत' शब्द का प्रयोग किया है:-

(a) भक्त प्रह्लाद

(b) भक्त हनुमंत

(c) भक्त नरहरि

(d) भक्त मीरा

**(9) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5x1=5)**

कह दिया - 'समय की पाबंदी 'पर एक निबंध लिखो, जो चार पन्नों से कम ना हो | अब आप कॉपी सामने खोले, कलम हाथ में लिए उसके नाम को रोइए | कौन नहीं जानता कि समय की पाबंदी बहुत अच्छी बात है | इससे आदमी के जीवन में संयम आ जाता है, दूसरों का उस पर स्नेह होने लगता है और उसके कारोबार में उन्नति होती है, लेकिन इस ज़रा-सी बात पर चार पन्नें कैसे लिखें? जो बात एक वाक्य में कही जा सके, उसे चार पन्नों में लिखने की जरुरत? मैं तो इसे हिमाकत कहता हूँ | यह तो समय की किफ़ायत नहीं, बल्कि उसका दुरूपयोग है कि व्यर्थ में किसी बात को ठूँस दिया जाए | हम चाहते हैं, आदमी को जो कुछ कहना हो, चटपट कह दे और अपनी राह ले | मगर नहीं, आपको चार पन्नें रंगने पड़ेंगे, चाहे जैसे लिखिए और पन्ने भी पूरे फुल स्केप आकार के | यह छात्रों पर अत्याचार नहीं, तो और क्या है? अनर्थ तो यह है कि कहा जाता है कि संक्षेप में लिखो | समय की पाबंदी पर एक निबंध लिखो, जो चार पन्नों से काम न हो | संक्षेप में तो चार पन्ने हुए, नहीं शायद सौ-दो-सौ पन्ने लिखवाते |

1. 'समय की पाबंदी' से तात्पर्य है-

(a) निश्चित समय पर कार्य करना

(b) समय के पहले कार्य करना

(c) समय के बाद में कार्य करना

(d) कम समय में कार्य करना

2. 'संक्षेप में चार पन्ने हुए, नहीं तो शायद सौ-दो-सौ पन्ने लिखवाते |' प्रस्तुत पंक्ति के माध्यम से बड़े भाई साहब की तत्कालीन शिक्षा के प्रति ______ दर्शाता है ।

(a) सकारात्मक दृष्टिकोण

(b) नकारात्मक दृष्टिकोण

(c) विचारात्मक दृष्टिकोण

(d) सांप्रदायिक दृष्टिकोण

3. 'समय की पाबंदी' का कौन सा लाभ गद्यांश में नहीं बताया गया है?
(a) इससे मनुष्य के जीवन में संयम आता है |
(b) इससे व्यक्ति के कारोबार में वृद्धि होती है |
(c) इससे मनुष्य दास के जैसा बन जाता है |
(d) दूसरों का मनुष्य पर स्नेह होने लगता है |

4. 'समय की पाबंदी' विषय पर निबंध लिखे जाने पर बड़े भाई साहब ने आपत्ति प्रकट की क्योंकि-
(a) समय की पाबंदी विषय पर निबंध लिखने में सिर्फ समय की बर्बादी होती है
(b) इसका कोई भी अनुपालन नहीं कर सकता
(c) निबंध लिखवाने वाले लोग बहुत मूर्ख होते हैं
(d) निबंध लिखने वालों को इसका अर्थ समझ नहीं आता

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़िए | उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |
कथन (A): हम चाहते हैं, आदमी को जो कुछ कहना हो, चटपट कह दे और अपनी राह लें |
कारण (R): बड़े भाई साहब का मत है कि आदमी जो भी कहना चाहता है, उसे जल्दी कहे और अपना दूसरा कार्य करे |
(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(b) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(d) कथन (A) तथा कारण (R) सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**(10) गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (2x1=2)**
1. संसार के स्वरूप में अब क्या परिवर्तन आ गया है?
(a) संसार परिवार के समान हो गया है
(b) संसार टुकड़ों में बँट गया है
(c) संसार का विकास यथोचित ढंग से हो रहा है
(d) संसार से भेद-भाव समाप्त हो गया है

2. 'तीसरी कसम' फिल्म लेखक प्रहलाद अग्रवाल के किस पुस्तक का एक अंश है?
(a) तानाशाह
(b) सुपरस्टार राज कपूर
(c) सातवाँ दशक
(d) राज कपूर: आधी हकीकत आधा फ़साना

| खंड 'ब' | वर्णनात्मक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**(11) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)**

1. तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य क्यों थी ? स्पष्ट कीजिए |

2. शाम को लेखक के मित्र उसे 'टी सेरेमनी' में ले गए | चाय पीने की यह एक विधि है | इसे जापान में चा-नो-यू कहते हैं | 'पतझड़ में टूटी पत्तियाँ' पाठ के आधार पर बताइए कि यह क्या विधि होती है तथा चाजीन ने किस प्रकार चाय तैयार की?

3. बड़े भाई साहब ने शिक्षा को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने की बात कही है | आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ? अपने विचार लिखिए |

**(12) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए | (3x2-6)**

1. पावस के दृश्य को कवि इंद्रजाल क्यों मानता है?

2. कवि ईश्वर पर संशय नहीं करना चाहता | इससे कवि किस उद्‌देश्य को प्राप्त करना चाहता है?

3. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ की गई हैं ? क्या हम उन अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए |

**(13) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)**

1. सपनों के से दिन पाठ में आपने देखा कि बच्चों को स्कूल जाना पसंद नहीं हैं | लेकिन आज के संदर्भ में देखा जाए तो बालवाड़ी, आँगनवाडी के द्‌वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है | इसके पीछे छिपे निहित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए |

2. अंत में हरिहर काका द्‌वारा ज़मीन के बारे में लिया जाने वाला निर्णय क्या था और वह परिवार के मूल्यों को किस परिस्थिति में प्रभावित करता है और कैसे ? यह स्थिति हर व्यक्ति को क्या संदेश देती है ?

3. इफ्फन को अपनी दादी से अधिक लगाव था जबकि टोपी को अपने दादी से कोई लगाव नहीं था | पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

**(14) निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए | (5x1=5)**

1. **गया समय फिर हाथ नहीं आता**
   - समय ही जीवन है
   - दुरुपयोग से हानि
   - समय का सदुपयोग
   - उपसंहार

2. **वृक्षारोपण का महत्व**

- संकेत-बिंदु
- वृक्षारोपण का अर्थ
- वृक्षारोपण क्यों
- हमारा दायित्व
- महत्व

3. **मन के हारे हार है मन के जीते जीत**

- दृष्टिकोण में परिवर्तन
- सकारात्मक सोच
- स्वस्थ परिवेश

**(15) निम्नलिखित में से किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए | (5x1=5)**

1. भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को निजी उच्च शिक्षण संस्थान में इंजीनियरिंग के अध्ययन हेतु शिक्षा ऋण प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए |

2. आपके क्षेत्र का डाकिया सही तरह से डाक वितरण न करने के कारण आप लोगों को काफ़ी परेशानी होती है | इसकी शिकायत मुख्य डाकपाल को करें |

**(16) निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए | (4x1=4)**

1. आपके शहर में माननीय प्रधानमंत्री आने वाले हैं | आप पुलिस कमिश्नर होने के नाते सारे शहरवासियों को सूचना देते हुए ट्रैफिक के बारे में जानकारी दीजिए |

2. विद्यालय के सचिव की ओर से 'समय-प्रबंधन' विषय पर आयोजित होने वाली कार्यशाला के लिए एक सूचना तैयार कीजिए |

**(17) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | (3x1=3)**

1. छुट्टियों में विद्यालयों के बच्चों के लिए पहाड़ी-स्थल की यात्रा के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

2. आर्युवैदिक उपचार की विशेषताएँ बताते हुए (30-40 शब्दों में) विज्ञापन बनाइए |

**(18) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए | (5x1=5)**

1. आपके क्षेत्र में एक अस्पताल खुलवाने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए |
2. 'अहिंसा परम धर्म है' उक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए |